अब मैं कुछ पिलफ्रेज और क्लेम्स के बारे में निवेदन करना चाहता हूं । यह बात सबको मालूम है कि चोरियों को रोकने के लिए आर० पी० एफ० का इंतजाम किया गया है । यह बात ठीक है और अच्छी चीज है । लेकिन मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इससे बड़ी चोरी क्लेम्स के संबंध में हो रही है । फर्जी क्लेम्स लिख कर लाखों रुपयों की चोरी प्रतिदिन हो रही है। माननीय मंत्री जी ने भी अपने बजट भाषण में बतलाया है कि क्लेम्स बढ़ गये हैं और इसे हमको देना पड़ता है । तो मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह क्लेम्स क्या होते हैं और इसके बारे में सरकार ने क्या सोचा है, इसके बारे में अध्ययन करने की आवश्यकता है । इस तरह की जो बातें हो रही हैं वे अन्दर से ही हो रही हैं, बाहर से नहीं हो सकती हैं, इस चीज को अच्छी तरह से विचारना चाहिये ।

अंतिम बात मैं रेलवे के नुकसान के संबंध में कहना चाहता हूं । जो रेलवे के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है, उसमें भी इस नुकसान के बारे में बतलाया गया है कि कहां पर रेलवे की सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है और उसको रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाये गये हैं । अभी हमारे मान्यवर बन्धु ने इस बारे में कुछ आंकड़े दिए और नुकसान के बारे में बतलाया । पिछले 3 महीनों के अन्दर जो नुकसान की संख्या बतलाई गई है और उसको रोकने के संबंध में जो बात बतलाई गई है 68 में से 38 पूर्वी रेलवे में हुई हैं । पूर्वी रेलवे में 68 में से 36 घटनायें हुई हैं और इसका मतलब यह हुआ कि 50 फीसदी से ज्यादा घटनायें पूर्वी रेलवे पर हुई हैं और इस पर हमें गम्भीरता के साथ विचार करना चाहिये । इस तरह से जो रेलवे की सम्पत्ति है, जो जनता की सम्पत्ति है, वह एक विशेष स्थान पर ज्यादा नष्ट हो रही है । एक विशेष प्रान्त के आसपास के इलाके में इस तरह की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं । इस तरह से जो स्थिति उस क्षेत्र में उत्पन्न हो गई है, उस पर विचार करना चाहिये तथा उस पर ध्यान देना बहुत आवश्यक है । सरकार इसके लिए क्या कदम उठा रही है । यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है ; क्योंकि वहां पर रेल बन्द करना एक गलत बात होगी । वहां की जनता इसके लिये दोषी नहीं है, बल्कि वहां पर जो विशेष ग्रुप के लोग हैं, जो एक मत पर विश्वास करते हैं, जो इस तरह की तोड़फोड़ की कार्यवाही पर विश्वास करते हैं, जिनका भारत के प्रति लगाव नहीं है, उन्हीं लोगों के कारण वहां पर इस तरह की स्थिति उत्पन्न हो गई है । वहां पर जो इस तरह की स्थिति उत्पन्न हो गई है, उसको सख्ती से दबाने की आवश्यकता है और केवल नारे लगाने से कोई काम होने वाला नहीं है और इसके लिये सरकार को विशेष प्रयत्न करने होंगे ।

इतना निवेदन करने क बाद मैं अपना स्थान ग्रहण करता हूं और जिन बातों की ओर मैंने माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित किया है, आशा करता हूं कि वे उनकी ओर अवश्य ध्यान देंगे ।

**श्री महावीर दास** (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय को धन्यवाद देता हूं और उनकी इस बात के लिए सराहना करना चाहता हूं कि उन्होंने तीसरे दर्जे के किराये में जो वृद्धि की थी, उसको वापस ले लिया है । 1070-71 का जो बजट उन्होंने पेश किया, उसको देखने के बाद यह सोचना होगा कि वास्तव में रेलवे में प्रगति हो रही है, जिसके कारण खर्चा बढ़ रहा है या वह स्थिर है और फिर भी खर्चा बढ़ता ही चला जा रहा है ।

**श्री मान सिंह वर्मा** (उत्तर प्रदेश) : प्रगति नहीं हो रही है, बल्कि परगति हो रही है ।

**श्री महावीर दास** : मैं तो देख रहा हूं कि हम बराबर प्रगति करते ही चले जा रहे हैं । मैं आपको बतलाना चाहता हूं 16-4-1853 में जब रेल चली थी, तो उसकी लम्बाई कुल 32 किलोमीटर थी और आज 1967-68 के जो फिगर्स हमारे सामने हैं, उसके मुताबिक 59,339 किलोमीटर हो गई है ।

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : डा० रामसुभग सिंह जी ने भी कहा था कि हमारी रेलवे लाइनों की लम्बाई इतनी लम्बी है कि वे चांद तक पहुंच सकती है । क्या वह स्टेटमेंट भूल गये ?

**श्री महावीर दास** : इतना ही नहीं, यह मैं भी बतला दूं कि माननीय मंत्री जी ने अपने स्पीच के पेज 6 में expenditure programme in the Fourth Plan का जिक्र किया है और पेज 26 में यह कहा है :

"I am well aware that there are numerous requests to extend Railway lines to new areas and places in the country. To accede to all these requests will be an impossible task. It will, however, be my earnest endeavour to consider all these requests with a view to implementing as many of them as may be practicable and justifiable within the available resources."

तो इससे प्रगट होता है कि मंत्री महोदय का सिद्धांत है कि रेलवे प्रगति करती जाय । इतने बड़े देश में रेलवे का काम पूरा हो चुका हो, सब जगह रेलवे की लाइन पहुंचाई जा चुकी हो ऐसा नहीं है, इसलिए डेवलपमेंट का काम चलता रहेगा और जब डेवलपमेंट चलता रहेगा तो खर्च में वृद्धि होना स्वाभाविक है । तो मेरा निवेदन यह है कि यह प्रगतिशील बजट है । इसमें यह दिखलाया गया है कि हम कहां-कहां वृद्धि करने जा रहे हैं । जब प्रगति होगी तो उसमें खर्चा बढ़ेगा । जो नया एडीशन है वह तुरन्त रेवेन्यू नहीं दे सकता । सपोज कीजिए कि हमने 10 करोड़ की लाइन बिछा दी, लेकिन 10 करोड़ कल से रुपया देना तो शुरू नहीं कर देगा, लेकिन यहां डेफिसिट हो जायगा । रिवाइज्ड एस्टीमेट भी होता है, जो आगे खर्च होगा । आमदनी तो बेस करते हैं पिछले पर और आगे जो आमदनी होगी उसमें कुछ समय लगता है । इसलिए प्रगतिशील बजट में कहां कमी होती है, कहां डेफिसिट होता है, उससे घबड़ाने की बात नहीं । प्रगतिशील बजट तो बढ़ता रहेगा और पब्लिक को लाभ मिलता रहेगा ।

आप देखिए एम्पलाइज हैं 13.6 लाख । यही फिगर रुक जाय तो हम समझते हैं कि दूसरे तीसरे साल में बजट सरप्लस में होंगे । लेकिन हम देखते हैं कि यह बढ़ती चली जा रही है ; क्योंकि डेवलपमेंट का कार्य चालू है ।

मंत्री महोदय का ध्यान मैं इस ओर आकर्षित करूंगा कि जब कभी आप सरप्लस बजट दिखा कर बजट पेश करते हैं, रिवाइज्ड बजट में सरप्लस निकल जाता है और वह डेफिसिट में बदल जाता है, जैसे 1968-69 में डेफिसिट बजट हो गया, जब एक्चुअल्स आए तो हो गया 7.86 करोड़ और 1969-70 के रिवाइज्ड एस्टीमेट में डेफिसिट हो गया 12.55 करोड़। 1970-71 में आपको साढ़े 19 करोड़ का सरप्लस होगा,

[श्री महाबीर दास]

लेकिन आपने विदड़ा कर लिया है बहुत सी इन्क्रीज को । तो मैं समझता हूं कि आपको इस समय भी सरप्लस नहीं हो सकेगा और जो सरप्लस सोचते हैं, वह भी ठीक नहीं है ।

आपको एक तरफ ध्यान देना होगा और वह है करप्शन । मैं समझता हूं कि अगर करप्शन आप रेलवे से निकाल दो और इस पर पूरी ताकीद कर दो, तो आपको रेवेन्यू लास होता है, जो दिखलाई पड़ता है कि हम लास में जाते हैं, हमको पैसे की आमदनी नहीं होती, वह दूर हो सकता है। किसी भी जगह देख लीजिए। बम्बई में दो-चार सी० आई० डी० के आदमी भेज कर देख लीजिए कि किस किस्म का करप्शन होता है, कितना रुपया किस तरह से बहाया जाता है । मैं तो यह कहूंगा कि रेलवे बोर्ड को रिकांस्टीट्यूट करना चाहिये । एक माननीय सदस्य ने कहा कि एम्पलाइज का मैनेजमेंट में हाथ होना चाहिये । मैं तो कहता हूं कि रेलवे में सिर्फ एम्पलाइज ही मालिक हैं । मैं सुझाव दूंगा कि रेलवे बोर्ड में मिनिस्टरों को तो होना ही चाहिए । लेकिन उसके साथ ही बोर्ड में राज्य सभा और लोक सभा के प्रतिनिधियों को भी चुन कर भेजना चाहिये और ऐसा बोर्ड बने तब वह सचमुच में रिफार्म हो सकता है। अगर रेलवे बोर्ड को कानूनन रखना ही है, तो उसमें यह सुझाव लाने का मैं सुझाव देना चाहता हूं ।

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : साधु समाज के लोग भी चलते हैं ।

**श्री महाबीर प्रसाद** : उसके लिए घबड़ाने की बात नहीं है । वह इसलिए है कि बहुत से लोग जब अपना पेट भर लेते हैं, तो थोड़े लोगों को बिना पैसा लिये भी पास कर देते है । अगर करप्शन दूर हो जाय, वह भी दूर हो जायगा ।

मैं अभी सुन रहा था, जब एम्पलाइज के बारे में बड़ी हार्दिक भावना व्यक्त की जा रही थी। लेकिन मैं सुझाव देता हूं कि जो ये फेडरेशन हैं, ये सब झगड़े की जड़ हैं । आप फेडरेशन को इतना बड़ा न रखिए । आप कैटेगरी-वाइज रिकाग-नीशन दीजिए और एक-एक यूनिट की तकलीफ को सुनिए । स्टेशन मास्टर एसोसिएशन है, उसकी तकलीफ को सुनिए। उसको रिकागनीशन दीजिए, फिर एक सेक्शन ठीक होगा, उसी तरह से सब सेक्शनों को देखिए और उन लोगों के रिप्रेजेंटेटिव्स से फेडरेशन बनाइए, ऐसा न हो कि कोई आदमी पोलिटिकली मोटीवेटेड हो कर फेडरेशन बनाए और हंगामा पैदा करता रहे और स्ट्राइक करता रहे। तब आप सचमुच में ठीक काम करने में सफल हो सकेंगे ।

मैंने देखा है और मैं निवेदन करूंगा कि हमारे हरिजन और आदिवासी उम्मीदवार और एम्पलाइज को बड़ी तकलीफ हो रही है, उन्हें उनका हक़ नहीं मिल रहा है । मेरे सामने पी० एन्ड टी० का उदाहरण है । पी० एन्ड टी० में यह है कि 10 आदमी को बहाल करना है, हरिजनों से या आदिवासियों से तो वे एप्लीकेशन इनवाइट करते हैं—उन्हीं का फिगर हाइएस्ट फिगर है—जो फस्ट डिवीजन है, उनको उस हिसाब से चुन कर एपाइन्ट करते हैं, यह नहीं कि इन्टरव्यू लेकर कह दें कि तुम अयोग्य हो, इसलिए इस रिजर्व्ड सीट को हमने जनरल में ट्रांसफर कर दिया और दूसरे को बहाल कर दिया । पी० एन्ड टी० में यह प्रेक्टिस है । इसीलिये मैं निवेदन करूंगा कि रेलवे इतनी बड़ी इन्डस्ट्री है, इतनी बड़ी अंडरटेकिंग है, उसमें मेरे इस सुझाव को मान्यता दी जाय, तो हरिजन और आदिवासी उम्मीदवारों और एम्पलाइज का दुःख दूर हो सकेगा ।

मैं एक सुझाव और देना चाहता हूं । बहुत सी गाड़ियां जो हावड़ा से दिल्ली को आती हैं, वे तीन लाइनों से आती हैं, मेन लाइन, कार्ड लाइन और साहबगंज लूप-लाइन । साहबगंज लूप-लाइन पर जमालपुर में रेलवे का एक बड़ा कारखाना है । लकिन आप देखेंगे कि एक भी एक्स-प्रेस ट्रेन, मेल ट्रेन उससे होकर पास नहीं करती,

सारी की सारी कार्ड लाइन या मेन लाइन से पास होती हैं। आप कहेंगे नहीं, एक ट्रेन तो है अपर इंडिया। यह 100 स्टेशनों में से 80-85 स्टेशनों पर ठहरती जाती है और उसके कभी टाइम पर पहुंचने का नाम नही है, हमेशा देर में पहुंचा करती है। इसलिये मेरा सुझाव है कि कोई मेल ट्रेन या एक्सप्रेस ट्रेन साहबगंज लूप-लाइन से हो कर डाइवर्ट करनी चाहिये, अगर आप नई नहीं दे सकते। साथ साथ मेरा यह सुझाव भी है कि आपको डबल लाइन बनानी चाहिए, ताकि अच्छी से अच्छी गाड़ी वहां से पास करें।

*(Time bell rings)*

चूंकि हमारे उपाध्यक्ष महोदय ने घंटी बजा दी है, इसलिए मैं अधिक समय न लेकर दो-एक बातें कहूंगा। रेलवे पुलिस जो थाना बना कर स्टेशनों में रहती है, वह एम्पलाई है राज्य सरकार की और रुपया उसे देती है रेलवे। नतीजा यह होता है कि करप्शन उनके सहयोग से बढ़ता है। स्टेशन मास्टर का उस पर कोई प्रभाव नहीं है। इसलिए ऐसा कोई तालमेल होना चाहिये कानून में कि रेलवे का भी कुछ आधिपत्य उस पर हो ताकि सुरक्षा और एड-मिनिस्ट्रेशन ठीक से हो सके।

एक बात मैं कहूंगा केटरिंग के बारे में। केटरिंग की हालत बहुत खराब है, हमेशा लास पर चल रही है। हमको समझ में नहीं आता यह बिजनेस कन्सर्न लास में कैसे चलता है। लोग कहते हैं कि हमको दे दो, हम लास भी पूरा कर देते हैं और नफा भी दे देते हैं, ठेका हमको दे दो। तो पब्लिक कहती है कि हम को ठेका दे दो, हम लास भी पूरा कर देंगे और आपको नफा भी देंगे। तो इस बात को आप मंजूर क्यों नहीं करते? जबकि समूची जनता और समूचे पैसेंजर यह कहते हैं कि केटरिंग इनएफीशियेंट है, तो आपको इस बात को मान लेना चाहिये। मैं इन्ही शब्दों के साथ रेलवे बजट का समर्थन करता हूं और मानता हूं कि यह बजट प्रगतिशील है और माननीय मंत्री जी ने जो वृद्धियां वापस ली हैं वे सराहनीय हैं।

**श्री बाल कृष्ण गुप्त :** उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे इन छोटी-छोटी बातों में नहीं जाना है; क्योंकि अंग्रेजों ने ही इस रेलवे का राष्ट्रीयकरण या सरकारीकरण कर दिया था, लेकिन कभी हम लोगों ने यह नहीं कहा कि वे समाजवादी थे। यह समाजवाद का नमूना है। हमारी रेलें जिनकी लम्बाई 35,36 हजार मील है और जिनका यह बजट साढ़े नौ सौ करोड़ रुपयों का है और जिनमें 40 अरब रुपये की लागत लगी हुई है। ये इतने गंदे तरीके से चल रही हैं कि आज हमको अपने नये मंत्री नन्दा जी को भी गंदा करने को मजबूर होना पड़ रहा है। यह क्या करेंगे और क्या नहीं करेंगे, क्योंकि भ्रष्टाचार फैल गया है और रेल में हर जगह आज दुर्व्यवस्था है, चोरी है, लूट-खसोट है, मर्डर है और जो चीजें हो रही हैं वह समाजवाद का एक अनूठा नमूना है। समाजवाद, समाजवाद, हर चीज का राष्ट्रीयकरण कर दो, सब कुछ ठीक हो जायगा, इस से कुछ होने वाला नहीं है। इन रेलों का तो अंग्रेज ही राष्ट्रीयकरण कर गये थे। उनके बाद वर्तमान प्रधान मंत्री के बाप 17 वर्ष तक राज करते रहे और अब चार वर्ष से वह राज कर रही हैं और हर यात्री चिल्लाता है कि हर जगह दुःख है, हर जगह तकलीफ है। आप देखें कि 40 अरब किसको कहते हैं? अंग्रेज जब यहां से गये तब इन रेलों की लागत 7 अरब थी और उनकी कुल लम्बाई 34 हजार मील की थी। उनको तीन हजार मील इन्होंने बढ़ाया है और इतने में ही उनकी लागत बढ़ कर 40 अरब रुपये हो गयी है। यह जनता के रुपये का किस तरह का दुरुपयोग है, किस तरह की अंधेर गर्दी है, किस तरह की चोरी-चपाटी है कि जिसके कारण आज बहुत से लोग देश में अपनी चीजें रेल में बुक भी नहीं करते। आप देखें कि बहुत सा माल लोग ट्रक वालों के जरिए भिजवाने लगे हैं। यह बात आपके सामने ही दिखाई देती है। आप चीनी की मिलों में पूछिये। कलकत्ते में जितनी चीनी जाती थी, वह अब सारी की सारी ट्रकों से जाने

[श्री बाल कृष्ण गुप्त]

लगी है; क्योंकि रेलों का जो रूट है बरौनी का और मुगलसराय का, वह सारा का सारा चोरों का अड्डा हो गया है। बिजली के जो तांबे के तार होते हैं वह रोजाना ही रेल के अफसरों से मिल कर कतर लिये जाते हैं और चोर बाजार में 15, 16 रुपये किलो में बेचे जाते हैं। यह सारा का सारा भ्रष्टाचार होता है और नन्दा साहब तो भ्रष्टाचार के विशेषज्ञ हैं। साधू सेवक समाज और भारत सेवक समाज चला कर वे तो सदा ही भ्रष्टाचार के ऊपर सभापति बन कर बैठे रहते हैं और इसी लिए अब जो सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी विभाग भारत सरकार का है, यह रेलवे विभाग, यह उनको मिला है ताकि भ्रष्टाचार बदस्तूर कायम रहे और चोरी-चपाटी और लूट खसोट कायम रहे और चलती रहे। यह सब ही समाजवाद का नमूना है। नन्दा जी के हाथ में और चीजें देने की बात भी चल रही है। इलेक्ट्रीफिकेशन हो रहा है, लेकिन जिन गाड़ियों को एक्सप्रेस कहा जाता है, उनकी हालत अब देखिए। लखनऊ से कटिहार 500 मील का सफर है। लेकिन उस में 24, 25 घंटे लगते हैं, कलकत्ते से दिल्ली 36, 38 घंटे में पहुंचती है एक एक्सप्रेस ट्रेन और उसको एक्सप्रेस कहा जाता है। जब दुनिया में कहीं भी कोई गाड़ी अगर सौ मील से कम रफ्तार से चले तो उसको कोई पैसेंजर भी नहीं कहता। लेकिन यह तो हिन्दुस्तान के समाजवाद के सबसे बड़े उद्योग का एक नमूना है। जनता कराह रही है। लोगों को टिकट नहीं मिलते। दस-दस दिन पहले टिकट खरीदने पड़ते हैं। मैं अभी यूरोप गया था। वहां आप जायें और आपको फौरन टिकट मिलता है, लेकिन यहां आप 15 दिन पहले से बुक कराइये तब जाकर आपको टिकट मिलेगा और उसके बाद भी जगह-जगह घूस मांगते हैं। राजधानी एक्सप्रेस में दिल्ली से कलकत्ते के टिकट के लिए 15 या 20 रुपये की घूस मामूली चीज है और टिकटों के अलावा सब जगह यही हालत है। यहाँ तो नन्दा साहब आयें या कोई साहब आयें या जायें, लेकिन जब तक समाजवाद का यह रूप रंग, यह इन्दिरा रूप रहेगा तब तक हिन्दुस्तान में यह चोरी होती रहेगी और जनता से हर समय, हर साल भाड़ा बढ़ा कर उस चोरी का दाम वसूल किया जायगा। यह सब देख कर हमको शर्म लगनी चाहिए कि 22 वर्ष के बाद आज भी रेलवे में कोई सुधार नहीं हुआ है। रेलवे स्टेशन पहले से ज्यादा गंदे हैं और रेलवे के अंदर यात्रियों को बैठने के लिए जगह नहीं मिलती। मैं रोजाना देखता हूं, रोजाना ही मुझे रेल में सफर करना पड़ता है। रेलवे के बड़े-बड़े अफसर तो हवाई जहाज से यात्रा करते हैं या सैलून में यात्रा करते हैं या फिर स्पेशल ट्रेनों में चढ़कर चलते हैं। यह समाजवाद तो एक विचित्र समाजवाद है। यह कहते हैं कि हम गैर-बराबरी मिटाने वाले हैं, विषमता को मिटाने वाले हैं। लेकिन जितनी विषमता इस समाजवादी रेल में स्थापित है, उतनी तो शायद दुनिया में कहीं भी, पूंजीवादी अमरीका में भी नहीं मिलेगी। इस सबसे ही आप लोग उनको समाजवाद का सही रूप रंग देख लीजिए कि यह किस तरह का समाजवाद कायम कर रहे हैं। अंग्रेज सरकारीकरण कर गये थे और इन्होंने उसका समाजीकरण भी नहीं किया। कर्मचारियों की हालत अलग खराब है। मुझे ऐसे ऐसे ड्राइवर मिले हैं, जिनको लगातार 12, 13 घंटे काम करना पड़ता है और जिनको अफसर लोगों के घर पर भी गुलामी करनी पड़ती है। रेलवे के ठेकेदारों और अफसरों में जो एक मिली-जुली चोरी स्थापित हो गयी है, उसकी भी एक अथक कहानी है। इसका राष्ट्रीयकरण कर दो, उसका राष्ट्रीयकरण कर दो, सब कुछ ले लो यह भी ले लो, वह भी ले लो और फिर खूब लूट-खसोट मचाओ और जब खर्च बढ़े तो वह उपभोक्ता के ऊपर डाल दो। आप भाड़ा बढ़ायेंगे, माल का भाड़ा बढ़ायेंगे, पैसेंजर का भाड़ा बढ़ायेंगे, लेकिन उनको बैठने की जगह नहीं देंगे, उनको सोने की जगह नहीं देंगे, हमेशा उसके ऊपर बोझ बढ़ाते जायेंगे और अंत में देश को बर्बाद करके रहेंगे। यह हमारा नया समाजवाद है, यह इन्दिरा समाजवाद है और नन्दा जी भी उस समाजवाद के

नये मंत्री बने हैं। यह देश को चौपट करक छोड़ेंगे। इसी तरह बर्मा चौपट हो गया, इजिप्ट हो रहा है और बहुत से देश चौपट होते जा रहे हैं। ऐसे राष्ट्रीयकरण को जब तक झाड़ू लगा कर पूरी तरह से साफ नहीं किया जाता और चोरों को, एक-एक को निकाल कर जब तक दंड नहीं दिया जाता, तब तक यह मामला ठीक नहीं होगा। मैं जानना चाहता हूं कि आज तक किसी रेल कर्मचारी को दंड मिला है ? जहां भ्रष्टाचार पूर्ण रूप से व्याप्त है, वहां पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। छोटा मोटा कर्मचारी भले ही कभी मारा गया हो जैसे ब्लैक माकट के केस में कभी-कभी पनवाड़ी या चाय वाले पकड़ लिये जाते है, उसी तरह से छोटा मोटा कर्मचारी कभी पकड़ा गया होगा, लकिन रेलवे बोर्ड के मंत्री और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और रेलवे बोर्ड के सदस्य कभी भी नहीं पकड़े जाते और ऐसे-ऐसे सदस्य हैं, जिन्होंने लाखों लाख रुपया घूस में ले लिया है। अभी तक रेलवे की बदइंतजामी की बात बहुत सी छिपी पड़ी है और उसे ठीक करने के लिए कुछ नहीं हो रहा है। उड़ीसा वाले तालचर से रूरकेला को मिलाने के लिए 20 वर्ष से चिल्ला रहे हैं, लेकिन उसके लिये सरकार के कान में जूं भी नहीं रेंगी। यह सब क्या हो रहा है ? कलकत्ते में रोजाना रेलें रोकी जाती हैं, क्योंकि वहाँ बेचारी जनता को ठीक टाइम पर रेलों में चढ़ने को नहीं मिलता। वहां के लोगों को सबरबन ट्रेन में बैठने को जगह नहीं मिलती, लेकिन उसके बाद भी नन्दा साहब सो रहे हैं। अगर जागें भी तो . . .

**एक माननीय सदस्य** : नन्दा साहब गप्प कर रहे हैं।

**श्री बालकृष्ण गुप्त** : गप्प तो करेंगे ही। गप्प करने में ही तो उनका जीवन बीता है।

**श्री गुलजारी लाल नन्दा** : एक एक शब्द ठीक से पढ़ूंगा जो नहीं सुन सका हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री अकबर अली खान)** : गुप्त जी, आपका टाइम हो गया। एक मिनट में खत्म करिये।

**श्री बाल कृष्ण गुप्त** : एक मिनट में समाप्त कर दूंगा। अगर इस तरह की व्यवस्था रेल में कायम रहेगी, तो उसके कारण समाजवाद बदनाम हो जायगा। इसलिए इसको जल्दी ही ठीक किया जाय, सुव्यवस्थित किया जाय और इसका खर्च घटा कर लोगों के ऊपर से बोझ कम किया जाय, नहीं तो यह समाजवाद आपको, देश को और जनता को ले डूबेगा।

**श्री शुकदेव प्रसाद** : (उत्तर प्रदेश) : माननीय वाइसचेयरमैन महोदय, मैं इस रेलवे बजट के लिये माननीय रेलवे मंत्री का तहेदिल से शुक्रिया अदा करता हूं। मैं यह देखता हूं कि जहाँ तक रेलवे बजट का संबंध है, उसको उन्होंने बड़ी खूबी से इस सदन में प्रस्तुत किया है। एक बात अभी हमारे सामने यह आई थी कि जब तक दबाव नहीं पड़ता है तब तक वह कुछ करते नहीं हैं। लेकिन मैं इस बात को साफ बतला दूं कि अभी श्री बालकृष्ण गुप्त जी के भाषण को हमने सुना और हम असली समाजवादी की शक्ल को देखना चाहते हैं और वह शक्ल इस रूप में है कि अगर हमारे देश में स्टुडेंट्स की स्ट्राइक करानी हो, तो सबसे पहले हम रेलवे की सम्पत्ति को बर्बाद करेंगे, उसे तोड़ेंगे, उसको मलियामेट करेंगे। यह हमारे समाजवाद का रूप है। दूसरी चीज यह है कि अगर गौकशी को रोकना है, तो सबसे पहले रेलवे को तोड़ेंगे, उसके डिब्बों को जलायेंगे। यह हमारे समाजवाद का दूसरा रूप है। तीसरी चीज यह है कि अगर हम किसी स्टेट को बनाना चाहते हैं तो हम सबसे पहले रेलवे लाइन को उखाड़ेंगे, रेलवे संपत्ति को जलायेंगे, उसको बर्बाद करेंगे। यह तीसरा रूप है। चौथी चीज यह है कि अगर किसी भाषाई प्रश्न को उठाना है तो हम सबसे पहले रेलवे सम्पत्ति को बर्बाद करेंगे। यह चौथा रूप है। तो यह कौनसे समाजवाद का सही रूप है, जो कि नन्दा जी को दोष दिया जाता है। तो मैं साफ बतला दूं कि जहां तक रेलवे संपत्ति की बर्बादी का प्रश्न है, जहां तक रेलवे को बनाने का प्रश्न है,

[श्री शुकदेव प्रसाद]

जहां तक रेलवे में सुधार का प्रश्न है, उसके लिये पैसे की जरूरत पड़ेगी और जब पैसे की आवश्यकता पड़ेगी तो उसके लिये हमें किराया भी बढ़ाना पड़ेगा, लेकिन यह नन्दा जी की दरिया-दिली है कि उन्होंने समझ बूझ कर जनता के असली रुख को देख कर के, जनतंत्र के मुताबिक कार्य किया और उन्होंने बढ़े हुए किराये को घटा कर अपने ऊपर घाटा सहा और दूसरी मदों में कटौती की । मैं इसके लिये उनको धन्यवाद देता हूं, उन्होंने यह बहुत अच्छा किया कि जनता की बात को मान कर के इस तरह से सदन में एक रिवाइज्ड बजट प्रस्तुत किया ।

**श्री मान सिंह वर्मा :** पहले रखा ही क्यों था जब कि ऐसा करना था ?

**श्री शुकदेव प्रसाद :** अब, वाइस चेयरमन, महोदय, मैं कुछ और ही तरीके का सुझाव देना चाहता हूं, जहां तक रेलवे बजट का सम्बन्ध है, मेरा कुछ दूसरे ही तरीके का सुझाव है । मेरा पहला सुझाव यह है कि रेलवे में जो थर्ड और फोर्थ क्लास के सरवेंट हैं, उनके रहने के लिये व्यवस्था करने के बारे में मैं माननीय रेल मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा । कम से कम उनके लिये यह व्यवस्था तो की जाय । सेकेंड क्लास और फर्स्ट क्लास के सरवेंट के लिये तो स्पेशल व्यवस्था की हुई है, सब कुछ किया हुआ है । लेकिन थर्ड और फोर्थ क्लास के सरवेंट के लिये रेलवे में कोई व्यवस्था रहने के बारे में नहीं है ।

दूसरी चीज यह है कि भोजनालय की व्यवस्था को आप देखियेगा । कई माननीय सदस्यों ने इसके बारे में शिकायत की है । जब कि यह प्राइवेट तरीके पर चलता था, तो लोग डरते थे, लेकिन आज अगर कच्ची रोटियां भी आपके सामने आ जायं तो भी आप कोई शिकायत नहीं कर पाते हैं, कम्पलेंट बुक मांगते हैं तो वह भी जल्दी नहीं मिलती है । अभी अभी बम्बई अधिवेशन में एक सदस्य जा रहे थे, उनके सामने कच्ची रोटियां आईं, जब उन्होंने कच्ची रोटियों के बारे में कहा तो जो उनके लिये लाया था, उसने गाली दी और वह बेचारे कुछ नहीं बोल पाये, तो यह हमारी व्यवस्था है । हमारे माननीय सदस्यों ने, सभी ने इसके बारे में तरह तरह की बात कही कि यह जो गवर्नमेंट की व्यवस्था है, वह कितनी दोषपूर्ण है । तो इसके लिये मैं मंत्री जी से कहूंगा कि वह इस पर ध्यान दें, वह सरप्राइज चेकिंग करें और देखें कि उनके यहां खाने की क्या व्यवस्था चल रही है ।

तीसरी चीज यह है कि रेलवे से माल ले जाने के सम्बन्ध में आप देखेंगे कि बहुत घाटा हो रहा है; क्योंकि हमारे रेलवे के लोगों को यह जिम्मेदारी महसूस नहीं हो रही है । लोगों को यह डर रहता है कि जो माल जहां के लिये भेजा है, वह वहां पहुंचेगा भी या नहीं । बात यह है कि अगर माल लखनऊ जाना है तो वह कालपी पहुंच जायगा या बम्बई पहुंच जाएगा और फिर वहां से लौट कर महीने दो महीने में ला कर लखनऊ पहुंचाया जायगा । तो एक परेशानी यह होती है । और दूसरी चीज यह है कि अगर कोयला लादा गया तो उसमें से दो एक टन कोयला ही गायब कर दिया या कपड़ा लादा गया तो उसमें से एक दो कपड़े की गांठ ही गायब कर दी । रेलवे को उसके लिये बड़ा मुआवज़ा देना पड़ता है और कर्मचारी बैठे बैठे मौज उड़ा रहे हैं । तो मैं यह सुझाव दूंगा कि जिस ट्रेन में जो जाते हैं, कंडक्टर, गार्ड या जो भी जाते हैं और जो रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के लोग जाते हैं, उनके ऊपर यह जिम्मेदारी डाली जाय कि अगर किसी तरह से भी इसमें बर्बादी होती है, तो तुम्हारी तनख्वाह से या और दूसरी तरह से इसको काटा जायगा, तब आप देखेंगे इसमें बहुत काफी कटौती हो सकती है ।

चौथी चीज मैं यह बतलाना चाहता हूं कि लखनऊ से गोरखपुर जाने के लिये एक मीटर गेज की लाइन है । आप देखेंगे कि लखनऊ से

गोरखपुर जाने के लिये हम बाराबंकी जाते हैं, गोंडा, बस्ती, मनकापुर होते हुये गोरखपुर जाते हैं और उधर देवरिया को निकल जाते हैं, यह एक मेन लाइन है। उत्तर प्रदेश के उत्तरी जिलों की यह एक खास लाइन है, जिस पर से होकर हम जाते हैं और वहां से नेपाल बिलकुल लगा हुआ है और आप जानते हैं कि हिमालय पर्वत अब अवलंघन नहीं रहा है, अब उसको लांघ कर हमारे दुश्मन आ सकते हैं, तो गोरखपुर इतना बड़ा शहर है, फौज का एक सैन्टर है, युनिवर्सिटी है, तीन लाख की आबादी है, तो जब ऐसी सारी चीजें हैं, तो दुश्मन वहां आसानी से पहुंच सकता है और उसको बर्बाद करने की कोशिश कर सकता है; क्योंकि नेपाल अपनी ताकत से उसको रोकने की कोशिश करेगा, लेकिन उसके आगे वह क्या कर पायेगा, यह मैं नहीं कह सकता। अब बार-बार इस बात को दुहराया जा रहा है कि लखनऊ से लेकर गोरखपुर होते हुये आगे तक ब्राड गेज की लाइन बिछा दो, उसके लिये सर्वे भी हो चुका है, लेकिन पता नहीं कि आज तक उस पर क्या हो रहा है। तो मेरी यह एक खास मांग है कि यहां से लेकर और बिहार के उत्तरी जिलों को मिलाने के लिये एक ब्राड गेज लाइन हो। वहां ब्राड गेज की लाइन नहीं है। तो एक लाइन ब्राड गेज की उस इलाके में जरूर दे दी जाय ताकि आवश्यकता पड़ने पर हम जल्दी से जल्दी वहां पर फौज और लड़ाई की दूसरी चीजें, एम्युनिशंस वगैरह भेज सकें।

आखिरी चीज मैं और कह दूं कि हमारे गोरखपुर से छितौनी घाट को एक लूपलाइन जाती है और उस लूपलाइन के ऊपर नारायणी नदी जो बिहार और उत्तर प्रदेश के सरहद पर बहती है, उसकी बाढ़ का प्रकोप हर साल रहता है और कभी कभी ऐसा होता है कि वह लाइन उसमें डूब जाती है, हमेशा यह डर रहता है कि वह लाइन अब कटी तब कटी, लेकिन लोग बड़ी मुस्तदी से जुट कर किसी तरह से उसको बचा लेते हैं, लेकिन अब उसके बचने की संभावना नहीं है। एक रिप्रेजेंटेशन प्राइम मिनिस्टर को दिया गया था और उस पर यह तय हुआ कि यू० पी० का बांध विभाग बांध ऊंचा कर दे और रेलवे विभाग वहां पत्थर को गिरा दे और रेलवे विभाग रेलवे लाइन को तीन फुट ऊंचा रेज कर दे और वह भी मल्लैहा स्थान से लेकर छितौनी स्थान तक कुल तीन मील तक। तो रेलवे ने पत्थर तो गिरा दिया और बांध भी बन चुका है, लेकिन वह तीन फिट की रेजिंग नहीं हो पाई है। तो माननीय मंत्री जी से मैं अपील करूंगा कि कम से कम वह रेजिंग जल्दी से जल्दी करा दें, नहीं तो नारायणी अगर मल्लैहा के पास कटी, तो वहां से पडरौना और जो सारा इलाका है वह बह जायगा और वह नदी की मेन करेंट के अन्दर आ जायगा।

इन शब्दों के साथ मैं माननीय रेल मंत्री जी को पुनः एक बार धन्यवाद देता हूं और यह उम्मीद करता हूं कि जो सुझाव मैंने दिये हैं, उन पर थोड़ा बहुत अमल करेंगे और जो हमारे कष्ट हैं, उनको दूर करने की कोशिश करेंगे।

अंत में एक बात और कह दूं कि यहां से लखनऊ मेल ट्रेन में एयर कंडीशंड डिब्बा ले कर जो आदमी जाता है, उसको गर्मी में गर्म हवा में बैठे रहना पड़ता है और दूसरे जो लोग हैं उनको वह ठंडा किये रहता है। इतना ही नहीं उसको कोई रिलीव करने वाला भी नहीं होता है, गर्मी के दिनों में भी नहीं रहता है, ऐसा भी नहीं होता है कि छः घंटे वह ड्यूटी करे और फिर उसके बाद कोई दूसरा उसको रिलीव कर दे, ऐसा भी नहीं है। तो मैं यह चाहूंगा कि कम से कम ऐसा तो हो कि उसके लिये बैठने की व्यवस्था हो और कोई आदमी रिलीव करने वाला हो ताकि थोड़ी देर के लिये वह थोड़ा सा आराम कर सके।

इन शब्दों के साथ मैं पुनः रेलवे मंत्री महोदय को तहेदिल से अपनी बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि इन सुझावों पर वह ध्यान देंगे।

**श्री सुन्दर सिंह भंडारी :** उपसभाध्यक्ष महोदय, रेलवे बजट जिस पर हम लोग विचार कर रहे हैं, उसको हम चौथी पंचवर्षीय योजना से अलग करके नहीं देख सकते । चौथी पंचवर्षीय योजना में रेलों को काफी व्यवस्थित करने के लिये, अपने साधनों को विकसित करने के लिये कहा गया है, अर्थात् सारे खर्च में उन्हें 940 करोड़ रुपये खुद देना है और उनके ही हिसाब से लगभग 150 करोड़ रुपये की उन्हें आमदनी करनी पड़ेगी किराये में और भाड़े में । तो इसी 150 करोड़ रुपये की पूर्ति करने के निमित्त ही शायद श्री नंदा ने इस वर्ष 39 करोड़ रुपये का नया भाड़े और किराये में वृद्धि करने का प्रस्ताव रखा । उसमें उन्होंने 13 करोड़ रुपये वापस ले लिये । अब उनके हिसाब में भी उनको इस पर 26 करोड़ रुपया मिलेगा । मैं उनसे केवल यह कहना चाहता हूं कि चौथी पंचवर्षीय योजना जिस रूप में रेलवे विभाग ने बनाई है, उन साधनों को जुटाने के जिन क्षेत्रों को उसके साथ जोड़े हैं, वह उनके बूते के बाहर होते जा रहे हैं । उन्हें उनका नये सिरे से विचार करना चाहिये ।

मैं यह भी यहां पर दोहराना चाहूंगा कि उन्हें चौथी योजना का सारा आकलन करते समय बुनियादी तौर पर विचार करने की आवश्यकता है । उन्होंने यह अनुमान लगाया है कि 1973-74 में उन्हें 2,650 मिलियन टन माल ढोना पड़ेगा और उस बात को मद्देनजर रखते हुए उन्होंने डेढ लाख माल के डिब्बों की व्यवस्था करनी पड़ेगी । दोनों का संदर्भ जोड़ा गया है । अब यह कहने पर कि इतनी आमदनी हो जाये, मुझे कोई आपत्ति नहीं । लेकिन जो आंकड़े हैं, उनमें तो इस वर्ष भी हम लोगों ने जो अनुमान लगाया था कि 90 लाख मीट्रिक टन मिलेगा, पर मिला केवल 55 लाख मीट्रिक टन, उसमें भी 10 लाख मीट्रिक टन हमने रेलवे का ही माल ढोया है । अब हम इसका अंदाजा लगायें कि हम एक एक साल के कैलकुलेशन में आधे ही रह गये, तो चौथी साल की योजना बन कर हमने जितना गुड्स ट्रेफिक का अनुमान लगाया है और उसके अनुसार जो माल के डिब्बे बनाने की बात हम सोच रहे हैं, तो क्या ओवरआल लाएबिलिटीज हम लें । मैंने केवल उदाहरण के तौर पर कहा है कि यह पंचवर्षीय योजना जिस तरह से बनी है, यह वस्तुस्थिति से परे है और उस आधार पर जो बर्डन डालने की बातें की जा रही हैं, वे व्यावहारिक नहीं है, वह उसको लागू नहीं कर सकेंगे, जिस तरह से उन्होंने सदन की डिबेट के पहले ही अपने पैसेन्जर रेट्स की बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को वापस करना पड़ा, जिसके लिये वह मजबूर हुए और इस वर्ष उन मजबूरियों से वह दूर नहीं हो सकेंगे । इसलिये मैं चाहूंगा जिस तरह से रेलवे बोर्ड ने अपने ऐक्सपैन्सन के लिये फोर्थ फाइव इयर प्लान बनाया होगा, उनको इस बारे में गम्भीरता के उाथ पुर्नविचार करने के लिये तैयार होना चाहिये । क्योंकि उसी आधार पर वह चलते रहे तो कभी भी इस गैप को वह पूरा नहीं कर पायेंगे, उनकी योजना उन्हें मजबूर करेगी कुछ ऐसे प्रपोजल्स रखने के लिये जो उन्हें स्वयं मंहगे पड़ जायेंगे । इसलिये मैं चाहूंगा कि इसबार वह दोबारा विचार कर लें ।

फ्रेट इन्क्रीजेज इन सारे कन्सेशन्स के बाद भी, भोजन सामग्री को छोड़ कर, वैसी की वैसी रही हैं । मैं उन्हें औपचारिक रूप में ही कुछ बातें बताना चाहूंगा । यहां पर एक बात कही गई है कि शार्टर डिस्टेन्सेज के लिये हम कम इन्क्रीज कर के लांग डिस्टेन्सेज के लिये ज्यादा इन्क्रीज करें । लेकिन "बी" कैटेगरी में पड़ने वाला सामान भी, जिस तरह से उनकी मार्किट कंडिशन्स हैं, ट्रेन्ड्ज हैं, उसको देखते हुए उनकी बुकिंग लौंग डिस्टेन्स के लिये नहीं होती । 100 किलोमीटर 200 किलोमीटर, 500 किलोमीटर के लिये बार बार बुक होता है । एक जगह से, एक कन्ज्यूमर से दूसरे कन्ज्यूमर को या एक प्रोड्यूसर से छोटे रिटेलर के पास जाने के लिये । हर बार की बुकिंग को कुल मिला कर वह 2,000 किलोमीटर ट्रैवल करता होगा, लेकिन 2,000 किलोमीटर ट्रैवल करने के

लिये 4 या 5 बार बुकिंग होती है। इन्क्रीज्ड फ्रेट के आधार पर, उस पर ज्यादा किराया बढ़ेगा, इस बात को मद्देनजर रखना चाहिये। मैं उदाहरण के तौर पर माननीय मंत्री जी के सामने इस बात को ध्यान में लाऊंगा कि बिना दबी हुई रूई पर भी 100 किलोमीटर में पहले जहां 22.70 फ्रेट था, अब वह 28.20 कर दिया और 500 किलोमीटर पर 77.70 से 80.00 केवल। लेकिन नेचर उसका यह है कि वह एक दम 500 किलोमीटर के लिये बुक नहीं होता, वह छोटी डिस्टेन्सेज पर बुक होता है। इस बात का वह विचार करें।

उसी तरह से टेक्सटाइल पर उन्होंने भाड़ा बढ़ाया है। नंदा जी का गुजरात से थोड़ा बहुत संबंध है ही। इस सारे शेड्यूल में से गुजरात की टेक्सटाइल इन्डस्ट्रीज और गुजरात के रूई की पैदावार करने वाले लोग, जिनको शार्टर डिस्टेन्सेज पर भी अपना माल भेजना पड़ता है, उन पर बहुत एड्वर्स परिणाम होगा। उस इंडस्ट्री को इतना भार वहन करना सम्भव होगा या नहीं वह दोबारा देख लें तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

यहां पर छोटी-छोटी आइटम्स में एक नयी पद्धति अपना कर वर्गीकरण का रेशनेलाइजेशन किया है। इसमें आपकी तरफ से कोई प्रपोजल नहीं है, लेकिन यह रेशनेलाइजेशन कुल मिला कर 2.25 करोड़ रुपये का नया बर्डन उन्हीं आइटम्स पर डालता है, टेकनीकली बिना किसी इन्क्रीज के। उसका वर्गीकरण आपने बदल दिया, इसलिये उस पर भार बढ़ गया। जिस तरीके से यह सब किया गया है। मैं चाहूंगा कि इसको आप फिर से देखें।

आपने बजट स्पीच में माना है कि पैसेन्जर चार्ज इन्फ्लेशनरी नहीं होता, लेकिन गुड्स में बढ़ाया जाने वाला इन्क्रीज इन्फ्लेशनरी होता है, पर अल्टीमेटली आप स्वयं ही अपने पैदा किये हुए भंवर में फंस गये। जहां पैसेन्जर फेयर इन्क्रीज किया हुआ आपको रिड्यूस करना पड़ा है और फ्रेट वही का वही रहा है। जिस आर्गुमेन्ट से आप इस देश की इकानामी को बचाना चाहते थे, आपने धक्का मार कर उसको खड़ा कर दिया। इसलिये मैं चाहूंगा आप दोबारा उसको देखिये।

यहां पर मैं आपका ध्यान पैसेन्जर ट्रेन की हालत पर खींचना चाहता हूं। श्री चतुर्वेदी जिस कमेटी के चैयरमैन रहे हैं। अनइकानामिक लाइन्स की कमेटी में, यहां उससे सीधा संबंध तो उनका नहीं आता, लेकिन उन्होंने भी एक जनरल सजेशन देते हुए इस बात को कहा है कि पैसेन्जर ट्रेनों की हालत बहुत खराब है। मैं मानता हूं कि मैक्सिमम अलाउड स्पीड में 10 परसेंट कमी करके गाड़ियां चलाने की आपकी सिफारिश है। जहां तक तेज रफ्तार की गाड़ियों के संबंध में यह सिफारिश है—उसको लागू किया जाये, इसमें मुझे आपत्ति नहीं। लेकिन पैसेन्जर ट्रेन्स पहले ही बहुत धीमी चलती हैं। कम से कम उन्हें इस नियम से एग्जेम्प्ट करना चाहिये।

एक्सप्रेस ट्रेन्स और फास्ट रनिंग ट्रेन्स के कारण इनको सौत के बेटों की तरह एक तरफ खड़ा कर दिया जाता है। मेरा निवेदन है कि उनका टाइम टेबल ड्रा करते समय आप इस बात का विचार करिये कि तेज चलने वाली गाड़ियों को मौका देने के लिये भी पैसेन्जर ट्रेन्स का टाइम शेड्यूल ऐसा हो कि जिसमें एक एक घंटा पैसेन्जर ट्रेन को उसके लिये ठहरना न पड़े। टाइम टेबल के शेड्यूल में भी जब ऐसी गुंजाइश आप रखते हैं, तो बुनियादी तौर पर भी इसका विचार करना चाहिये।

अपने देश में, आपको मालूम है, वाल्टेयर टू किरनडूल आपने रेल लाइन बनाई। मैं मानता हूं वहां खानें हैं और वहां आप विद्युतीकरण भी कर रहे हैं, आपकी बजट स्पीच के आधार पर मैं कह रहा हूं, वह 300 किलोमीटर लम्बी लाइन है, पर एक भी पैसेन्जर ट्रेन उस पर नहीं

[श्री सुन्दर सिंह भंडारी]

चलती। सारा बस्तर का बनवासी क्षेत्र है वहां, रेलगाड़ी उनके सामने है, रोज माल गाड़ियां चलती हैं। विद्युतीकरण आप कर रहे हैं, एक छकड़ा रेलगाड़ी ही पैसेन्जर के नाम से चला दीजिए। 300 मील की उस सारी एरिया में उन बनवासी क्षेत्र की उन्नति के लिये यह आपका एक बड़ा भारी योगदान होगा, जन सेवा के लिये। उस क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिये, रेल का क्षेत्र अगर आप लाना चाहते हैं, तो इस काम को आप करिये।

फिर अनइकानामिक लाइन्स के एक विषय को, इस कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर ही मैं आपके सामने रखना चाहूंगा। आपने माना है कि हिल स्टेशन में जाने वाली गाड़ियों ने चलने वालों से कुछ इनफ्लेटेड किराया लिया जाये तो वह जस्टिफाइड बात है। लेकिन इस सारे

6 P.M.

सर्वे में आपने देखा होगा कि केवल दो ब्रान्च लाइनें हैं फतेहपुर और भीलडी रानीवाड़ा, जो हिल स्टेशन की गाड़ियां नहीं हैं, वहां भी इनफ्लेटेड चार्जेज लिये जा रहे हैं। पहले दुगुना किराया था और अब डेढ़ गुना किया गया है। इस कमेटी ने कहा है कि हिल स्टेशन का कराया ज्यादा लिया जाय, यह बात मानी जा सकती है। लेकिन इन दो लाइनों के बारे में ज्यादा किराया क्यों लिया जाय, इसको नहीं माना जा सकता है। आपने इस कमेटी में स्वीकार किया है कि ब्रान्च लाइनें हों, तब तो बात समझ में आ सकती है, लेकिन थ्रू कनेक्शन वाले टुकड़ों का हिसाब लगा कर कहना किये टुकड़े घाटे के टुकड़े हैं, इसलिये ज्यादा किराया लिया जाय, यह उचित मालूम नहीं देता। आपन खुद कहा है और इस कमेटी ने भी यह स्वीकार किया है कि ये दोनों थ्रू लाइन पर पड़ने वाली लाइनें हैं। अतः, इस पर ज्यादा किराया लेने का कोई तुक नहीं है। मैं फतेहपुर शेखावटी के मामले को कोट करने जा रहा हूं कि आपने यह स्वीकार किया है :

"Moreover this line does not show a loss if the interest on capital is not taken into account."

आपने स्वयं इस सिद्धांत को स्वीकार किया है और पैरा 846 के अनुसार आपने यह माना है :

"Interest on the capital cost of the branch may be ignored."

*(Time bell rings)*

मैं एक मिनट में समाप्त कर दूंगा आप स्वयं इस रिपोर्ट के आधार पर इस बात को स्वीकार कर चुके हैं कि यह ज्यादा किराया जिन क्षेत्रों से लिया जा रहा है, खासकर इन दो सेक्शनों से लिया जा रहा है, बिलकुल बेबुनियाद है। मैं कई वर्षों से इस बात की अपील कर रहा हूं और मैं चाहूंगा कि जब कमेटी की रिपोर्ट आपके सामने उपस्थित हो गई है, तो मंत्री जी इसी बजट के उत्तर में इस एनोमली को दूर करने की घोषणा करें।

इसके साथ ही मैं यहां पर यह कहना चाहूंगा कि पिछले दिनों बिना टिकट चलने वाले लोगों के ऊपर जुर्माने की बात मान ली गई थी और रेलवे मंत्री जी ने कहा था कि यह प्रवृत्ति घटेगी। आपने जो आंकड़े दिये हैं, उसमें बतलाया गया है कि 68 प्रतिशत अपराध में कमी हुई है। अगर 68 प्रतिशत अपराध में कमी हुई तो केवल 7 प्रतिशत ही आय में बढ़ोत्तरी क्यों हुई ? इसमें से आपको मजबूरन इस बात पर जाना पड़ेगा। कि इस व्यवस्था में से जो घूसखोरी बिना टिकट के लोगों से पैसे लेकर छोड़ देने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। बिना टिकट सफर करने वाले जो यात्री होते हैं, उन पर अदालत में 500 रुपया जुर्माना होता है। यही कारण है कि यात्री रेलवे स्टाफ के लोगों से सौदा कर लेते हैं कि मेरा चालान करके क्या करोगे और वे उनसे कम पैसा देकर छूट जाते हैं। तो मेरा आपसे यह निवेदन है कि आपको इस ऐस्पैक्ट पर भी विचार करना चाहिये,

अगर आप इस बात पर ठीक तरह से विचार करेंगे, तो आप अपनी रेवेन्यू को भी बढ़ा सकेंगे।

एडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्म कमिशन की एक सिफारिश के अनुसार रेलवे बोर्ड के जो एडिशनल मेम्बर्स हैं, उनको कम से कम घटा देना चाहिये, इस बात को आप स्वीकार करिये। जो शिकायत की गई है कि रेलवे एडमिनिस्ट्रेशन में आफिसरों की संख्या घटे, मैं समझता हूं कि रेलवे बोर्ड द्वारा तैयार किये गये आपके भाषण में परसेन्टेज बसिस पर जन साधारण को मुगालता में रखने की कोशिश की गई है। आपने कोट किया है कि 1951 में 1.33 परसेंट था और आज 1969 में 0.88 परसेंट है। मैं चाहूंगा कि आप वर्क आउट करके एक्चुअल फिगर हम को दें या फिर हमको इस बारे में ज्यादा इनलाइट न करें कि सीनियर आफिसरों की संख्या कितनी है। सैकड़ों से कितने लाख तक उनकी संख्या पहुंची है, यह चीज बतलाने से आसानी के साथ साफ हो जायेगी एन्ड वैदर दैट इज जस्टीफाइड इस बात को गम्भीरता के साथ आपको विचार करना होगा।

अगर आप जन सेवा की दृष्टि से रेलवे का उपयोग कराना चाहते हैं, तो जो अन्डर डेवलपमेंट एरियाज हैं, वहां पर आपको रेलवे लाइनें बनानी चाहियें। जहां पर आपकी रेलवे की इकानामीकली और बेसिकली लाभ मिलता है, उस पौन्इट को ध्यान में रख कर उस सैक्शन में आप रेल प्रारम्भ करें और नई-नई रेल लाइनें बनाने का विचार करें।

एमिनिटीज में आप सेविंग कर रहे हैं। पिछले साल जितनी रकम एमिनिटीज में खर्च करने के लिए दी गई है, उसमें से 11.7 करोड़ रुपया आपने निर्माण कामों में खर्च कम किया, पर कुल मिलाकर खर्चा बढ़ गया। इस बार अभी आप सुरक्षा विभाग में ज्यादा कर्मचारियों के लिए 72 लाख रुपया ज्यादा खर्च कर रहे हैं। आप ज्यादा परिचालन कर्मचारी बढ़ाना चाहते हैं। इस तरह 82 लाख रुपये का खर्चा ज्यादा बढ़ जायेगा पर इसका नैट रिजल्ट क्या मिल रहा है? मैं इन बातों पर नहीं जाना चाहता हूं, जो पहले सदस्यों ने चोरियों के संबंध में कहीं या पिलफ्रेज के संबंध में कहीं। मगर मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो खर्चा बढ़ाया जा रहा है, उसका रिजल्ट तो हमें सही मिलना चाहिये। इन दोनों बातों में जब तक आप मैल नहीं बिठलायेंगे तब तक यह बढ़ोत्तरी का खर्चा, एमिनिटीज पर कम किया जाने वाला खर्चा, बजट में सैंक्शन हो जाने के बाद में इन दोनों चीज को रिकनसाइल करना यह बड़ा कठिन है। इन्हीं बातों पर आपको विचार करना है और यही निवेदन मैं आपसे करना चाहता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN): The House stands adjourned till 11 A.M. tomorrow.

The House then adjourned at six minutes past six of the clock till eleven of the clock on Wednesday, the 11th March, 1970.